**खबर संक्षेप**

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 हेतु आवेदन आमंत्रित

**मण्डला।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 प्रारंभ हो चुकी है। निकाय क्षेत्र के पात्र हितग्राही ऑनलाईन लिंक एवं क्यूआर कोड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु बीएलसी घटक, एएचपी घटक (भूमिहीन एवं किराएदार हेतु) और आईएमएस आवश्यक है। पूर्व में जिन आवेदकों के आवेदन निकाय में जमा है उन्हें भी ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगरपालिका परिषद मंडला के प्रधानमंत्री शाखा में आकर संपर्क करें।

### कलेक्टर ने किया पीएम जनमन आवास का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रविवार को बिछिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत उमरवाड़ा के मवाला में प्रधानमंत्री जनमन आवास के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शेष बचे आवासों को समय सीमा में पूर्ण कराते हुए गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए शासन की योजनाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अमरसिंह के पूर्ण हो चुके आवास का भी अवलोकन करते हुए गुणवत्तायुक्त निर्माण सामग्री का उपयोग करने पर प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया आरके मंडावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## स्व सहायता समूह की महिलाओं से मांगे थे 50 हजार रूपये

# रिश्वत मांगने वाले मैनेजर पर कार्यवाही

*** आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

महिलायें आर्थिक रूप से सशक्त बने और परिवार को चलाने में समान रूप से भागीदार हों इसके लिये स्व सहायता समूह के माध्य से विभिन्न योजनायें चलाई जा रही हैं और निःसंदेह इन योजनाओं के माध्यम से महिलायें न केवल सशक्त हुई हैं बल्कि आर्थिक रूप से इतनी सक्षम भी हो चुकी हैं कि वे अब दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है जहां पर आजीविका मिशन में ही कार्यरत कुछ ऐसे अधिकारी-कर्मचारी हैं जिन्हें इन महिलाओं की प्रगति बर्दाश्त नहीं होती और वे लगातार इन्हें प्रताड़ित करते रहे हैं। जो आर्थिक लाभ सरकार की ओर से स्व सहायता समूह को प्राप्त होता है उसमें इनकी नजर लगी होती है और वे आर्थिक लाभ अपनी हिस्सेदारी मांगते हैं नहीं देने पर समूह की महिलाओं को प्रताड़ित करते हैं। इसी तरह का मामला नवम्बर माह में प्रकाश में आया जब सहायक विकासखण्ड प्रबंधक योगेन्द्र तिवारी पर समूह की महिलाओं ने उनसे 50 हजार रूपये मांगे जाने की लिखित शिकायत की और लगातार प्रताड़ना से परेशान इन महिलाओं ने इस व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही करने की अपील की।

शिकायत के बाद हालांकि जांच के नाम पर सहायक विकासखण्ड प्रबंधक के चहेते अधिकारियों ने उसे बचाने का न केवल भरपूर प्रयास किया बल्कि शिकायतकर्ता महिलाओं पर दबाव भी बनाया कि वे अपनी शिकायत वापिस ले लें अन्यथा उन्हें आजीविका मिशन के तहत काम करने नहीं दिया जायेगा।


M.P. Deendayal Upadhyay Antyodaya State Rural Livelihoods Mission
M.P. Rajya Aajeevika Forum
Distt. Mission Management Unit, Mandla

आदेश

कलेक्टर
जिला मिशन संचालक
जिला-मण्डला


जांच के नाम पर धमकाया जा रहा समूह की दीदीओं को

फर्जीवाड़ा | ब्लॉक मैनेजर ने महिला समूह से मांगे 50 हजार रूपये।

आजीविका मिशन में जारी है भारी फर्जीवाड़ा

चूंकि मामला इतना चर्चित हो चुका था कि इस पर अनदेखी होना बहुत मुश्किल था लिहाजा कार्यवाही पर थोड़ा समय अवश्य लगा लेकिन कल 20 जनवरी को जिला मिशन संचालक के द्वारा जारी आदेश पर योगेन्द्र तिवारी सहायक विकासखण्ड प्रबंधक को मण्डला से हटाकर बिछिया कार्य करने कहा गया है और उक्त आदेश को तत्काल प्रभावशील होने निर्देशित किया गया है। इस दौरान आदेश में यह भी उल्लेखित है कि योगेन्द्र तिवारी अपना विकासखण्ड प्रबंधक का प्रभार सहायक विकासखण्ड प्रबंधक अभय गौर को सौंपकर जिला कार्यालय को सूचित करें।

### क्या आदेश पर होगा अमल?

विकासखण्ड प्रबंधक योगेन्द्र तिवारी की आजीविका मिशन कार्यालय में जो पहुंच थी उससे सभी परिचित थे यही कारण है कि लगातार आजीविका मिशन को बदनाम करने में इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी कुछ वर्ष पूर्व गणवेश वितरण को लेकर जो भ्रष्टाचार प्रकाश में आया था और यह मामला मण्डला से लेकर राजधानी भोपाल तक चर्चित रहा है इसमें भी इसी व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसकी जांच आज भी प्रगतिशील है। समूह की महिलाओं से 50 हजार रूपये मांगे जाने उसकी लिखित शिकायत होने के बावजूद महज विकासखण्ड स्थानांतरण की सजा काफी नहीं है और सूत्रों की माने तो इस आदेश पर भी विभाग के लोग यह कहते नजर आ रहे हैं कि यह आदेश प्रभावशील ही नहीं होने वाला। योगेन्द्र तिवारी इतना प्रभावशाली व्यक्ति है कि वह इस आदेश को निरस्त कराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ने वाला। सूत्र कहते हैं कि इसके विरूद्ध इस तरह की शिकायत कोई पहली शिकायत नहीं थी विभाग की महिलाओं एवं समूह की महिलायें लगातार इनसे प्रताड़ित रही हैं कुछ दिनों पूर्व आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र में रसोईयों के रूप में कार्य कर रही एक महिला को भी इनके द्वारा प्रताड़ित किया गया था जिसकी भी शिकायत हुई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई इसके बाद एक और महिला समूह सचिव का मामला है जिन्होंने इन पर सीसीएल के तीन लाख रूपये के हेराफेरी के आरोप लगाये थे।

## विश्व शांति के साथ सृष्टि के कल्याण के लिए सूर्ययज्ञ का है महत्व-बाल प्रेम जी महाराज



*** स्थानीय सुभाष वार्ड में भागवत महापुराण एवं सूर्य यज्ञ का चल रहा आयोजन, रासलीला में झूम रहे श्रद्धालु।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

संगीतमय देवी भागवत पुराण एवं सूर्य यज्ञ का आयोजन स्थानीय सुभाष वार्ड में किया जा रहा है। सिंधी पंचायत के तत्वाधान में 16 जनवरी से प्रारंभ यह महापुराण जीवों के कष्टों की शांति, प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना से बचाव एवं जीव कल्याण हेतु किया जा रहा है। रोजाना सुबह 8 से 11 धार्मिक भावना से परिपूर्ण संस्कृत पाठ का आयोजन किया जा रहा है। पंडित सनद महाराज के द्वारा कथा पाठ किया जा रहा है। जप ध्यान के साथ धार्मिक श्रद्धालु आयोजन में शामिल हो रहे हैं।आयोजन में चार कलश स्थापित किए गए हैं जो कि सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग एवं कलयुग के प्रतीक हैं। जनमानस पर आ रही विपदाओं को रोकने के लिए इस पुराण का विशेष महत्व है। दोपहर 2 से 5 बजे तक संगीतमय कथा का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन के लिए ईडन गार्डन लालीपुर आश्रम के स्वामी बाल प्रेम जी महाराज ने बताया कि इस समय सृष्टि में जहां तहां हाहाकार मचा हुआ है, विश्व में फैली, महामारी, अशांति, महाप्रलय को रोकने एवं जन कल्याण के लिए यह भागवत पुराण एवं सूर्य यज्ञ बहुत महत्वपूर्ण है, पुराण धार्मिक एवं सामाजिक कल्याण की भावना से ओत प्रोत है। इसका फल जनकल्याणकारी साबित होगा। सायंकाल में संगीत पाठ, आरती पूजा की जा रही है, जनमानस के लिए सुख शांति के लिए कामना की जा रही है। इस दौरान रास लीला में भक्ति गीतों में भक्तगण श्रद्धा भक्ति के साथ गरबा नृत्य के माध्यम से झूठ उठे और आनंदमय वातावरण बन रहा है, आयोजन के अंत में उपस्थित जनों को प्रसादी वितरण किया गया।



## जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण करें-प्रभारी कलेक्टर

*** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि जनकल्याण अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण करें। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों की पोर्टल पर एंट्री करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, आशुतोष ठाकुर सहित समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने 100 दिवसीय निःक्षय शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि रोगियों को चिन्हित करते हुए स्क्रीनिंग जांच के बाद उचित उपचार करें। विभागवार सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी प्रत्येक प्रकरणों का समय सीमा में सकारात्मक निराकरण करें। प्रकरणों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने का प्रयास करें। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर फोकस करें। उच्च न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरणों पर निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करें। केन्द्रीय विद्यालय में रोड निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने मिशन नेत्र ज्योति की प्रगति, उपार्जन, उर्वरक भंडारण, मानव अधिकार आयोग के लम्बित प्रकरण, टीएल के प्रकरण, भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों, आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा, अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## अमल ज्योति हा.से. स्कूल में आयोजित हुआ एक दिवसीय स्काउट गाइड कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

अमल ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल महाराजपुर में एकदिवसीय स्काउट/गाइड कैंप का समापन विगत दिवस हुआ। इस एक दिवसीय शिविर में बच्चों को स्काउट/गाइड में सीटी के संकेत, ध्वजशिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा आदि गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया गया स्काउट/गाइड की टोलियों को हाइक हेतु सिद्ध बाबा टेकरी ले जाया गया। छात्र/छात्राओं ने सुंदर तंबू का निर्माण किया। कैंप के समापन समारोह में एक भव्य कैंप फायर का आयोजन किया गया। कैंप फायर के मुख्य अतिथि दिनेश दुबे स्काउट/गाइड जिला प्रभारी, एवं अन्य अतिथि के. के. सोनवानी जिला प्रशिक्षण आयुक्त, फादर जॉन कोड्रेस मोहनटोला चर्च के पैरिस प्रीष्ट उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों, प्राचार्य सिस्टर निर्मल मारिया, सुपीरियर सिस्टर फीना एवं अन्य सभी सिस्टरों का स्वागत किया गया। चारों दिशाओं से आये शांतिदूतों के साथ, सभी अतिथियों के साथ प्रचार्य ने मिलकर अग्नि प्रज्वलित करने के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र/छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्य अतिथि दिनेश दुबे ने अपने भाषण में छात्र/छात्राओं को स्काउट/गाइड से संबंधित बेसिक जैसे- अनुशासन, सेल्युट क्यों करते हैं! कैसे सेल्युट किया जाता है? स्काउट/गाइड अपनाकर सूनागरिक बना जा सकता है आदि जानकारियां दी गई विजेता टोलियों को मुख्य अतिथि महोदय एवं प्राचार्य सिस्टर निर्मल मारिया के द्वारा पुरस्कृत किया गया। संकल्प गीत उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। मंच संचालन स्काउट मास्टर- शिवनंदन धनगर एवं गाइडर आभा राजपूत द्वारा किया गया। शिविर संचालक-अनिकेत पटेल एवं दिव्या कछवाहा के दुवारा किया गया , शिविर के संचालन एवं अन्य कार्यों में सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## बाल विकास कार्यक्रम अंतर्गत बाल सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जेडीएसएसएस संस्था मंडला द्वारा ग्राम सुरंगदेवरी में बाल सम्मेलन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मण्डला विकासखन्ड के 10 ग्रामो से लगभग 250 बच्चे उपस्थित थे। बाल संसद के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें गोंडी नृत्य, करमा, गीत, शैला, ददरिया, नुक्कड़ नाटक, आदि से समाज को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, शराबबंदी, बाल अधिकार और बाल हिंसा के प्रति जागरूकता का संदेश दिए। बच्चों ने बाल संसद के बारे में नाटकों और गीतों के माध्यम से समझाए। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमति जमना पन्द्रे, जनपद सदस्य हीरेन्द्र मेश्राम, जेडीएसएसएस संचालक फादर डोमिनिक थॉमस, मालिमोहगांव, सल्हेडंडा, सिलपुरा एवं मानादेई पंचायत के सरपंच, ग्राम मुकद्दम आदि उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह बढाये। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था के द्वारा बाल संसद के बच्चों को उपहार दिया गया। साथ ही स्थानीय खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहित करने खाद्य एवं बीजों का स्टाल लगाकर प्रदर्शनी लगाया गया। कोदो, कुटकी, संवा, रागी आदि बीज, जैविक दवाओ का भी प्रदर्शनी लगाया गया 1 कार्यक्रम मे संस्था के संचालक फादर डोमनिक थॉमस ने समुदाय से आग्रह किया कि बाल संसद में बच्चों को ट्यूशन के अलावा खेलकूद को भी महत्व दिया जा रहा है जिसमें सभी लोगों का सहयोग और जिम्मेदारी बच्चों की शिक्षा के प्रति बनी रहे।



**कार्यवाही** | एक्साईज एक्ट की धारा 34(2) में 169 लीटर शराब व परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त।

# 169 लीटर अंग्रेजी, देशी शराब व पिकअप वाहन जब्त

*** थाना कोतवाली पुलिस की अंग्रेजी शराब के परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




कल दिनांक 20.01.2025 को दोपहर में थाना कोतवाली पुलिस को बिनैका रोड धनश्री ट्रेडर्स के सामने एक बिना नंबर के छोटा हाथी में काफी मात्रा में शराब होने की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बिनेका रोड धनश्री ट्रेडर्स वं के सामने पहुंच उक्त प्राप्त सुचना के आधार पर छोटा हाथी में बैठे हुए व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की गई। जिसने अपना नाम मनमोहन झारिया पिता रामविलास झारिया उम्र 29 साल निवासी ग्राम सालीवाड़ा थाना नैनपुर का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई। पिकअप वाहन में पैरा की बोरियो के नीचे देशी एवं विदेशी शराब रखी मिली जिसमें अंग्रेजी जिनियस कम्पनी की 03 पेटी प्रत्येक पेटी में 150 पाव, अंग्रेजी ओल्डमंग कम्पनी की शराब 02 पेटी 96 पाव, अंग्रेजी हंटर बीयर केन की 03 पेटी कुल 48 केन, अंग्रेजी मैकडाल विस्की शराब की 02 पेटी 96 पाव व देशी मदीरा प्लेन शराब की 08 पेटी कुल 18 पेटियों में 169 लीटर 56 एमएल शराब मिला। आरोपी से शराब के संबंध में पूछताछ की जा रहीं। आरोपी के कब्जे से कुल 18 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 2160 रूपये एवं एक टाटा कम्पनी का छोटा हाथी बिना नम्बर का जिसका चेचिस न MAT559034-RUF32564 जिसकी अनुमानित कीमत 05 लाख का विधिवत जब्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में टीम द्वारा की गयी जिसमें सहायक उप निरीक्षक भूनेश्वर वामनकर, प्रधान आरक्षक पूरन ईडपांचे, आरक्षक अमित गरयार, सुंदर भलावी, रमेश सिंगरौरे, रामचंद्र कुर्वेती एवं दीपक बोहने शामिल रहें।


**//शपथ-पत्र//**

मै, आयुषी निगम उर्फ कृति पत्नि श्री मयंक निगम आयु लगभग 29 साल पता- मरीया माता स्कूल के पास चौबे कॉलोनी छतरपुर म०प्र० आधार नं 5060 1976 5786 शपथपूर्वक कथन करती हूं कि:-

1. यहकि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं।
2. यह कि, विवाह के पूर्व मेरा नाम आयुषी गुप्ता उर्फ कृति पिता श्री राजेश कुमार गुप्ता था किन्तु विवाह बाद मेरा नाम आयुषी निगम उर्फ कृति पत्नि श्री मयंक निगम हो गया है।
3. यह कि, मेरा नाम कृति गुप्ता है जो कि मेरा घरेरू नाम है तथा दस्तावेजो में मेरा नाम आयुषी गुप्ता है उक्त दोनो ही नाम मेरे ही है यानि एक महिला के नाम है ।
4 यह कि मेरे नाम से एक एफडी स्टेट बैंक आफ इंडिया कटनी मुख्य ब्रांच में है जिसमे मेरा नाम कृति गुप्ता दर्ज है तथा मेरे अन्य समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम आयुषी गुप्ता दर्ज है।
5 यह कि, कृति गुप्ता एवं आयुषी निगम दोनो ही नाम मेरे ही है।
6 यह कि कृति गुप्ता, आयुषी गुप्ता और आयुषी निगम तीनो ही नाम मेरे ही है और मुझे इन तीनो नामो से जाना जाता है।

शपथकर्ता
आयुषी निगम



**कार्यालय ग्राम पंचायत केवलारी**
**जनपद पंचायत बिछिया, जिला-मण्डला (म.प्र.)**
सरपंच उपसरपंच सचिव रोजगार सहायक

क्रमांक निविदा/ग्रा./पं./07/2025 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक20/01/2025

ग्राम पंचायत केवलारी जनपद पंचायत बिछिया अंतर्गत वर्ष 2024-25 में नवीन पंचायत भवन निर्माण होना है ! निर्माण कार्य मे लगने वाली सामग्री - ईट, रेट, मुर्रम, खिड़की, दरवाजे, टाइल्स, पुटटी, प्राइमर, इमलसन, गिट्टी 20mm, 40mm, सीमेंट, लोहा 8mm, 10mm, 12mm, 16mm, नल फिटिंग सामग्री, विद्युत सामग्री, सेनेटरी सामग्री, सेंटिग प्रतिवर्गफुट एवं प्रतिदिवस के आधार पर बाइब्रेटर मशीन, मिक्चर मशीन कि आवश्यकता है ।

सामग्री सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि समस्त सामग्री कार्य स्थल तक पहुँचाकर देना होगा। सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के अन्दर कार्यालीन समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय मे (जी.एस.टी.) बिल वाले सामग्री सप्लायरों बंद लिफाफा मे अमानत राशि 5000 (पांच हजार) रुपए के साथ प्रस्तुत करना होगा अमानत राशि की रशीद ग्राम पंचायत द्वारा दी जावेगी न्यूनतम दर वाली निविदाकार द्वारा यदि सामग्री समय सीमा में प्रदाय नही की जाती हैं तो अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी एवं बढी हुई दर में प्राप्त होने वाली सामग्री की अंतर की राशि वसूली की जावेगी न्यूनतम दर स्वीकृत कि जावेगी सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए, जिसका लेब परीक्षण कराया जाएगा प्राप्त निविदा समय सीमा पश्चात अगले कार्य दिवस मे पंचायत समिति के समक्ष खोले जावेगी जिसमे निविदाकार उपस्थित रह सकते हैं । न्यूनतम दर वाले की अमानत राशि कार्य उपरांत बचत की जावेगी शेष की राशि निवदा खोले जाने के पश्चात समय पर वापस कर दी जावेगी ।

निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार पंचायत समिति को रहेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत केवलारी | ग्राम पंचायत केवलारी | ग्राम पंचायत केवलारी |
| जनपद पंचायत बिछिया | जनपद पंचायत बिछिया | जनपद पंचायत बिछिया |
| जिला - मण्डला (म.प्र.) | जिला - मण्डला | जिला - मण्डला |

## खबर संक्षेप

### वृद्धावस्था पेंशन योजना के मशीन में फिंगर नहीं आने से हो रहे परेशान

**सांईखेड़ा।** शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ा दायक होती जा रही है। यह बात अलग है कि इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है और इसी प्रकार शासन की कई अन्य योजनायें क्षेत्र के गांवों में भाई-भतीजावाद की शिकार हो रही हैं जिसके कारण आज इन वृद्धों को शासन की अनेक योजनायें चलने के बाद भी भूखों रहने की नौबत आ रही है। शासन द्वारा वृद्धों के लिये वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन का फार्म निकालकर यह नियम लागू किया गया था। मगर इस योजना का लाभ अनेक निःसहाय वृद्धों को नहीं मिल पा रहा है? आम जन का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा इन वृद्धों के आवेदनों को बिना देखे ही निरस्त कर दिया जाता हैं, विधवा महिलाओं की भी स्थिति अत्यंत दयनीय रहती है। देखने में आता है कि उन्हें भी शासन की योजनाओं से कोई फायदा नहीं मिल पाता है।

### नियम विरूद्व उपयोग हो रहे ट्रेक्टरों की प्रशासन द्वारा अनदेखी पड़ रही भारी

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहर में वाहनों की अंधा धुंध रफ्तार और इनकी बढ़ती हुई संख्या से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क पर जिन वाहनों की संख्या ज्यादा होती है, उनमें से मुख्य हैं कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर जिनका सही मायने में देखा जावे तो रजि. सिर्फ कृषि कार्य के रूप में होता है। मगर लोगों द्वारा कृषि कार्य के नाम पर पंजीयन कराते हुये उनका उपयोग पूर्ण रूप से व्यवसाय में किया जाता है। जिसमें खुलेआम नियमों को नजर अंदाज करते हुये रेत का परिवहन करने के अन्य प्रकार का माल के साथ सवारियां ढ़ोने से इन ट्रैक्टर चालकों की वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएँ होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। क्योंकि इनमें लगी ट्राली ट्रैक्टर मालिकों की अतिरिक्त आय का जरिया बन चुकी है? बिना टैक्स अदा करे निर्विघ्न रूप से क्षेत्र की सड़को पर तेज गति से दौड़ते यह ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर हादसों का प्रमुख करण बनने से नही चुके रहे है। मगर इसके बावजूद प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए दौड़ने वाले इन वाहनों पर कार्यवाही करने में अक्षम सिद्ध हो रहे हैं? प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा उन निरीह और बेबस नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। यह जानकर हैरत होगी कि हाईवे पर घटित अधिकांश दुर्घटनाओं के कारण ये ट्रैक्टर ट्राली ही माने जाते है।

### नर्मदा जलापूर्ति के लिये गांव गांव खोदी गई सड़को को लेकर आमजन हो रहे परेशान

**सालीचौका।** सरकार की योजना लोगों के घरों तक नर्मदा जल पहुंचाने को लेकर किया जा रहा है निर्माण कार्य निश्चित तौर से जहां आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बन रहा है तो दूसरी ओर लगातार शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने से भी नही चूक रहा है? सही मायने में देखा जावे तो जिस तरह सरकार द्वारा नर्मदा जल लोगों के घरों तक उसे घरेलू उपयोग में लाने का प्रयास किया जा रहा है उससे आमजन के दिलों की धार्मिक भावना को ठेंस पहुंचने से इसलिये नही चूक पा रही है। क्योंकि माँ नर्मदा जी का जल सिर्फ आचमन करने से मानव जीवन धन्य हो जाता है और इसी के चलते इस पवित्र जल को लेकर अपने घरों में पूजन के लिये उपयोग करते है। मगर सरकार की इस योजना से जहां लोगों के घरों में इसकी जलापूर्ति करते हुये उसे सभी कार्यो में उपयोग करने की जो योजना बनाई जा रही है उसके चलते निश्चित तौर से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंझ पहुंचने से नही चूक पायेगी।





## छः साल पहले बना यह पुल जब अपनी बाल अवस्था में ही दिखाई देने लगा वेंटिलेटर पर तो लम्बी उम्र की कल्पना कर पाना क्या संभव हो सकता है..? एनटीपीसी मार्ग पर बने हुये पुल के बीचों बीच गड्डों के साथ निकल रही राड़

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिये सरकारों द्वारा हर वर्ष सड़क निर्माण से लेकर पुल निर्माण कराने के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च करने से नही चूकती है। मगर उन निर्माण कार्यो के दौरान निर्माण कार्यो की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के जिन अधिकारियों को सौपी जाती है उनके द्वारा की जाने वाली अनदेखी कही जावे या फिर फिर मिलीभगत की देन का परिणाम जिसके चलते वह निर्माण कार्य पूरे कुछ सालों में ही निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताते हुये दिखाई देने लगते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत गाडरवारा से ग्राम सुदरास गांगई से एनटीपीसी की ओर जाने वाले मार्ग पर सीतारेवा नदी के ऊपर करोड़ो रूपया की लागत से बने हुये उच्च स्तरीय पुल में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस पुल के लोकापर्ण को अभी लगभग कुछ साल का ही समय निकल पाया है और पुल पर जहां तहां से निकल रहे गड्डो व दरारो के बीच उभरकर ऊपर आ रही लोहे की राडे खुद की अपनी गुणवत्ता की कहानी को उजागर करते हुये जान पड़ रही है? ज्ञात हो कि क्षेत्र के तत्कालीन विधायक गोविंद सिंह पटैल द्वारा लगातार क्षेत्र विकास की सोच रखते हुये किये गये प्रयासों के परिणामों के चलते एनटीपीसी सहित क्षेत्र के गांवों को आसानी से पहुंचने के लिये गाडरवारा से सुदरास गांगई होते हुये एनटीपीसी मार्ग सीतारेवा नदी पर उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति प्रदान कराते हुये क्षेत्र के लोगों को एक बड़ी सौगात प्रदान की गई थी। इस तरह एनटीपीसी की ओर जाने वाले इस मार्ग पर पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर 3482.10 लाख रूपया की लागत से 390 मीटर लम्बे व 12 मीटर चौड़ाई वाले पुल का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर एजेन्सी की देख रेख मैं रायल इन्फराकान्सट लिमिटेड द्वारा किया था। इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में इस पुल का लोकापर्ण बीते हुये वर्ष यानि की लगभग पांच वर्ष पहले 15 सितम्बर 2018 को प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्यि एवं प्रदेश के तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के मंत्री ठाकुर राम पाल सिंह की अध्यक्षता सहित क्षेत्र के सांसद सहित राज्य सभा सदस्य व अनेक भाजपा नेताओं की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ था? इस प्रकार से देखा जावे तो अभी इस पुल के लोकापर्ण कार्य को पूरा हुये मात्र छः साल का समय निकल पाया है। मगर इस पुल की स्थिति जिस प्रकार से देखने मिल रही है वह निश्चित ही पुल निर्माण कार्य में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को खुद ही उजागर करने से नही चूक पा रही है..? बताया जाता है कि पुल के ऊपर बनाई गई पैदल चलने वाली पट्टी पापड़ की तरह टूटते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर पुल के बीचों बीच जिस प्रकार से घास की हरियाली फैलने के कारण यह पुल कम और पशुओं की चरोहर भूमि प्रतीत होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर पुल व सड़क को जोड़ने वाले स्थल से लेकर बीचों बीच निकल रहे गड्डों से लोहे की राड़े निकलते हुये दिखाई पड़ रही है वह जहां निर्माण कार्य में अपनाई गई अफलतबाजी की कहानी को उजागर करने के साथ साथ लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूक पा रही है..? वही दूसरी ओर पुल के बीचों बीच अनेक जगहों पर निकलती हुई दरारों के आलवा दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल के निर्माण कार्य के दौरान देख रेख करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है? इस प्रकार से करोड़ो की लागत से बने हुये इस पुल पर जहां तहां से निकल रही लोहे की राडो के आलवा पड़ रही दरारे व दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल को पास करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बनाने से नही चूक पा रही है? गौर किया जावे तो इस पुल का निर्माण हुये अभी मात्र छः साल का समय बीता हुआ है और इस पुल की स्थिति जर्जर होते हुये दिखाई पड़ रही है। यह सच्चाई इस बात का अंदेशा प्रकट करने से नही चूक पा रही है कि निश्चित ही इस पुल की उम्र शायद ज्यादा लम्बी नही हो पायेगी.., क्योंकि बाल अवस्था में यह हाल है तो फिर आगे की अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है? यह बात अलग है कि निर्माण कार्य एक निजी कंपनी द्वारा किया गया है। मगर जब शासन की राशि के माध्यम से कोई निर्माण कार्य किसी निजी कंपनी द्वारा किया जाता है तो उसकी देख रेख शासन के अधीन रहने वाले विभाग के अधिकारियों द्वारा ही की जाती है और निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में जब तक संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे पास नही किया जाता है जब तक उस निर्माण कार्य को पूर्ण नही माना जाता है। इसी प्रकार से इस पुल को भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पास किया गया होगा तभी तो इसका लोकापर्ण हुआ होगा? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस प्रकार से लोकापर्ण को अभी मात्र छः साल का ही समय निकल पाया है और इस पुल की जो स्थिति निर्मित होते हुये देखी जा रही है उसका जिम्मेदार कौन माना जावेगा? क्योंकि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा तो निर्माण कार्य करते हुये इस पुल को शासन के लिये सौप दिया गया और शासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा इसे पास किया गया होगा जब पुल में अभी से इस प्रकार से लोहे की राडे निकलने के साथ साथ पड़ रही दरारों के आलवा निकल रही गिट्टी निश्चित ही इस पुल को पास करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर अनेक प्रकार के सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर यदि इस पुल के निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता की निष्ठा के साथ जांच हो जाती है तो निश्चित चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही चूक पायेगी।




## हवा में सैर करने वाले ओवर लोडिंग व डबल ट्रालियों की मनमानी को किया जा रहा नजर अंदाज, नगर में बड़ी घटना घटित से बाल बाल टली





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

प्रतिवर्ष देखा जाता है कि जब क्षेत्र में गन्ने का सीजन शुरू होता है कि क्षेत्र में स्थापित शुगर मिलों में काम करने के लिये दूसरे प्रांत से आने वाली लोगों द्वारा क्षेत्र की सड़को पर खून की नदिया बहाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है? क्योंकि इन लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये जिस तरह नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उन्हें दौड़ाया जाता है उसके कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में क्षेत्र के लोग बैमौत मरने से नही बच पाते है? क्योंकि जब किसी सड़क से इस तरह डबल ट्राली लगा हुआ गन्ने से लदा ट्रेक्टर ट्राली जा रहे होत है कि उनके पीछे वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाली वाहन दिखाई नही देता है तो दूसरी ओर सामने से आने वाली वाहन चालक को इस बात का अनदेशा नही रहता है कि सामने से आने वाले ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगी होगी इस स्थिति में जब वाहन चालक अपने वाहन को अंदर प्रवेश करा देता है और वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूक पाता है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले गन्ने से लदे हुये डबल ट्रेक्टर ट्रालियों से घटित हुई घटनाओं के चलते अनेक लोगों की जाने जा चुकी है? जबकि यातायात नियमों के अनुसार बताया जाता है कि किसी वाहन में पंजीयन के तहत दर्ज वाहन के माफ दंडों के विपरित यदि वाहन को पाया जाता है कि तो वह नियम खिलाफ होता है? जबकि ट्रेक्टर ट्रालियों के पंजीयन में ट्रेक्टर के साथ मात्र एक ट्राली का उल्लेख रहता है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये उसका परिवहन करना यातायात नियमों के विपरित होने के बाद भी क्षेत्र की सड़को पर धडल्ले से गन्ना की ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों को दौड़ते हुये देखा जाने के बाद भी पुलिस से लेकर जिम्मेंदार प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से दिखाई दे रहा है कि अब अपने ट्रेक्टरों में डबल ट्राली लगाकर गन्ना ढुलाई करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो चुके कि वह अपने ट्रेक्टरों को जमीन पर चलाने की जगह हवा में चलाते हुये देखे जा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर गन्ने की डबल ट्राली लगातार दौड़ रहे ट्रेक्टर हवा में झूलते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। कुछ इसी तरह की सच्चाई बीते हुये सोमवार को नगर में उस समय देखने मिली जब शक्कर नदी पुल के समीप डबल ट्राली गन्ना भरकर दौड़ रही ट्रालियाँ हवा में झूलते हुये नजर आने से नही चूक पाई। इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी शासन प्रशासन में बैठे हुये जिम्मेदारों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है वह सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है? क्षेत्र की सड़को के हालातों पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा क्षेत्र के आसपास शायद ही ऐसा कोई गांव शेष होगा जहां पर इस तरह डबल ट्राली लगे हुये ट्रेक्टर ट्रालियों की मनमानी के नजर दिखाई देते हुये ट्रेक्टर ट्राली हवा का सैर करते हुये नजर आ रही हो..? मगर इसके बाद भी पेहरेदारों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये अपनी आंखे बंद की जा रही है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है शायद जिला से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारी खुद ही क्षेत्र में किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो..? इस तरह की मनमानियों पर यदि अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही किसी दिन बड़ी घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## ओशो लीला आश्रम में हुआ तीन दिवसीय ध्यान शिविर आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक दाशनिक एवं आध्यात्मिक गुरु आचार्य रजनीश ओशो की क्रीड़ा स्थली एवं स्थानीय ओशो लीला आश्रम में बीते हुये 19 जनवरी मृत्यु महोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय ध्यान का आयोजन स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में संपन्न हुआ। बताया जाता है इस आयोजन में स्थानीय एवं बाहर से आए हुए ओशो सन्यासियों ने शिविर के दौरान सक्रिय ध्यान, नाद ब्रह्म, विपश्यना, साक्षी, कुंडलिनी ध्यान, व्हाइट रूप ब्रदर हुड सत्संग संगीत नृत्य ओशो प्रवचन माला श्रवण सहित ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों का आनंद पूर्ण रसपान किया गया। ज्ञात हो की ओशो की प्रसिद्ध किताबों में सुमार में मृत्यु सिखाता हूं जिसकी प्रवचन माला में बताया गया कि जन्म



और मृत्यु के बीच ही जीवन का होना होता है जो की शाश्वत सत्य है ध्यान विपश्यना और समाधि इन्हीं मार्गो से बुद्ध महावीर बुद्धत्व को उपलब्ध हुए ओशो का मानना है कि जब जन्म महोत्सव में हो सकता है तो मृत्यु महोत्सव मय क्यों नहीं हो सकती है। जन्म और मृत्यु की बागडोर श्वास पर निर्भर करती है। जन्म का मतलब श्वास का प्रारब्ध मृत्यु का मतलब सांसों का अंत होना जीवन का ठहर जाना और शरीर की विदाई का हो जाना इसी मान्यता के चलते ओशो के सन्यासी ओशो के जन्म और मृत्यु दिवस को महोत्सव के रूप मनाते हैं और अपने सद्गुरु ओशो को स्मरण करते हुए उनकी ध्यान विधियों का रसपान कर आनंद पूर्ण आत्मसात करते हैं। ओशो रजनीश का जन्म 11 दिसंबर 1931 में रायसेन जिला के छोटे से कस्बा कुछबाड़ा ननिहाल में हुआ था उनका बचपन का नाम रजनीश चंद्र मोहन जैन था गाडरवारा उनकी क्रीड़ा, लीला स्थली रही एवं आध्यात्मिक प्रारब्ध रहा रजनीश ओशो की मृत्यु 19 जनवरी 1990 में हुई उसी दिन ओशो इंटरनेशनल कम्यून पुणे में महोत्सव में उनके शरीर को अंतिम विदाई दी गई।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से कई गांवों के वास्तविक पात्र हितग्राही हो रहे वंचित, मगर धनवानों की बन रही बिल्डिगें?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** इस समय देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रधान मंत्री आवास योजना एवं पूर्व से संचालित होने वाले मुख्यमंत्री आवास व इंदिरा आवास योजना, इन अयोजना के चलते जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से काफी समय से संचालित की जा रही है। परंतु इसके बाद भी आज इसके वास्तविक हकदार योजना का लाभ पाने से वंचित हैं? इसके बाद देश के प्रधान मंत्री द्वारा हर आवास हीन व्यक्ति को पक्के मकान बनाकर देने के लिए कही गई बात को पूर्ण करने के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी, जिसके चलते इन योजनाओं के चलते इनके पात्र हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी की लेहर दौड़ गई थी। यदि इन योजनाओं का सही रूप से क्रियान्वयन होता तो लगभग हर ग्राम पंचायत में गरीबों को आवास मिल चुका होता, परंतु आँकड़ों की जादूगरी में यह योजना ऐंसी गुम हुई कि इसके वास्तविक हकदार आज भी परेशान हैं और योजना के आँकड़े हजारों के लाभान्वित हो जाने की जानकारी दे रहे हैं? बताया जाता है कि ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं के माध्यम से यह तय किया जाता है कि प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ किसे दिया जाता है और पंचायतों में बैठे हुए सचिवों व ग्राम सहायकों के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ देने के लिए फाइलों की शुरूआत की जाती है, जिसके चलते इस समय देखा जा रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई यह प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्णरूप से भाई भतीजा बाद की शिकायत होते हुए दिखाई दे रही है और इसके वास्तविक पात्र हितग्राही बंचित रहने के साथ साथ साधन संपन्न लोग इसका लाभ लेते हुए दिखाई दे रहे है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि आमजन की अनुपस्थिति के चलते सरपंच, सचिव या फिर रोजगार सहयकों द्वारा अपनी मर्जी के अनुसार नाम तय कर लेते हैं और उसे इस योजना का लाभ मिल जाता है? इसमें वह गरीब जो इसका असली हकदार होता है वह पिछड़ जाता है शिकायते तो इस प्रकार से मिल रहे है कि इस योजना में मिलने वाली दर को यूँ ही गुम कर दिया जाता है। कई बार पूरी राशि और कई बार पहली किस्त के बाद मिलने वाली राशि को गुम कर दिया जाता है, नतीजतन यदि इस योजना से कोई आवास बनाना भी चाहता है तो वह पहली किस्त में मिली राशि के उपयोग के बाद दूसरी किस्त के लिये भटकता ही रह जाता है इसकी सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में आसानी से देखने मिल सकती है। इस प्रकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में आ रही शिकायतों व सच्चाई से बड़े अधिकारी अपरिचित हो ऐसा संभव नही हो सकता है? यदि पंचायतों द्वारा इन योजनाओं का जिन लोगों को लाभ दिया जा रहा है जिनकी निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित ही अनेक चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही रूक पायेगी।

## सड़कों पर धडल्ले से नाबालिग किशोर दौड़ा रहे हैं वाहन, चैकिंग के नाम पर होने वाले आदेश हो जाते हैं दरकिनार

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**



शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और तेज गति से वाहनों का सड़कों पर दोड़ना वैसें ही दुर्घटनाओं का आमंत्रण देते दिखाई दे रहा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से नाबांलिग किशोरों को दो पहिया वाहन दौड़ाते हुए देखा जाता है उससे उनकी जान को तो खतरा बन ही रहा है साथ ही साथ दूसरों की जान को भी खतरा पैदा करते हुए देखा जा रहे है? जिसमे प्रमुख रूप से देखा जावे तो कम उम्र के बच्चों द्वारा दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन चलाना दूसरो के लिए खतरा बना हुआ है। क्योंकि इस समय नगर में देखा जावे तो अनेक जगहों पर 12 वर्ष सें लेकर 16 वर्ष की आयु वालें सैकड़ों किशोर व किशारियाँ वाहन चलाते हुये आसानी से दिखाई दे जाते है। इसे अभिभावक का बच्चों के प्रति लगाव कहे या भौमिकवाद की दौड़ में दिखावा जो बिना लाईसेंस के वाहन चला रहे कम उम्र के बालक बालिका नासमझी में हादसें का शिकार हो सकते है साथ ही साथ इनकी नादानी से दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ सकती है? इसी बात को लेकर आये दिन पुलिस मुख्यालय भोपाल से आदेश जारी होता है कि पुलिस द्वारा इस प्रकार से वाहन चालकों के खिलाफ चैकिंग करते हुए सख्त कार्यवाही करे। मगर उसे आदेश का कही भी पालन होते हुए दिखाई नही देता है जिसका परिणाम यह सामने आने से नही चूकता है कि जिस प्रकार से सड़क दुर्घटनाएं घटित होती है उनमें अधिकांश मामलों में नाबालिंगों द्वारा वाहन दौड़ाने की सच्चाई सामने आने से नही चूकते है..? कुछ इस प्रकार से इन दिनों भी पुलिस द्वारा मा. उच्च न्यायालय के आदेश पर वाहन चैकिग अभियान तो चलाया जाता है। मगर वह अभियान मात्र हेलमेंट तक सीमित रहना चर्चा का विषय बनाने के साथ पुलिस द्वारा इसमें भी निभाई जा रही औपचारिकता सबाल खड़े करने से नही चूक पाता है..? सही मायने में देखा जावे तो यह आदेश पुलिस के लिये दुधारू गाय साबित होने से नही चूक पाता है जिसके चलते धन की वर्षा के चलते इन मनमानियों पर अंकुश लगना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है..? इस प्रकार से देखा जावे तो शायद पुलिस मुख्यालय से जारी होने वाले आदेशों का पालन करना स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई जरूरी नही समझा जाता है, जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई दे रही है और वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू नजर आ रहे है। क्योंकि जिस प्रकार से नगर की सड़को पर कम उम्र के बच्चों को वाहन दौड़ाते हुए देखा जा रहा है वह पुलिस प्रशासन की उदासीनता का खुला प्रमाण देते हुए जान पड़ रहे है। क्योंकि इस प्रकार से छोटे बच्चों को वाहन दौड़ाते हुए समय आगे निकलनें की होड़ रहती है जिसके चलते वह सड़कों पर अपने वाहन चलाते हुए एक दूसरें से आगे निकलने के लिए रेस लगाते है साथ ही बाइक की गति और सड़को पर अनोखे करतबो का प्रदर्शन करते हुए भीड़ भरी सड़को पर आसानी से देखे जाते है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शाम होतें ही नगर की सड़कों पर कई किशोर जिनकी उम्र की बात तो दूर जिस वाहन पर बैठे हुए होते है उनका उसके ब्रेकों तक पैर तक नही पहुंच पाते मगर इसके बाद भी उसे नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से वाहन चलाको की धमाचौकड़ी शुरू होती है वह देर रात तक जारी रहने से लोगों का सड़को पर निकलना मुश्किल हो जाता है, इतना ही नही यह लोग नगर कें प्रमुख मार्गो पर हार्न बजातें हुए और तेज गति से वाहन दौड़ातें हुए रोजाना देखे जा सकते है कई मौको पर तो ये किसी दुर्घटना का शिकार होते हाते बच जाते है? मगर इस ओर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और नही उनके अभिभावक जिसके चलते वाहन दौड़ाने वाले बच्चों के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी के लिए भी खतरा पैदा होते हुए जान पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह मनाया जाएगा

**वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम**

**डिंडौरी ।** भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस 25 जनवरी को डिण्डौरी में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। मतदाता जागरूकता के लिए वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मनाने की परंपरा प्रारंभ की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी जिले में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु के सभी नागरिकों का मतदाता सूचियों में पंजीकरण सुनिश्चित करना और सभी पंजीकृत मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करना है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार के मतदाता दिवस का थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' निर्धारित किया है। प्रतिवर्षानुसार जिला स्तरीय समारोह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में प्रातः 11.00 बजे से मनाया जाएगा।

### हत्यारे पति को हुआ आजीवन कारावास की सजा

**डिंडौरी ।** मीडिया सेल प्रभारी डिण्डौरी मनोज कुमार वर्मा अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि, थाना गाड़ासरई के अपराध क्रमांक 224.23 आरोपी डमारू लाल भार्वे पिता स्व पतिराम भार्वे उम्र 53 वर्ष निवासी सागरटोला थाना गाडासरई जिला डिण्डौरी द्वारा अपनी पत्नि के चरित्र पर संदेह करते हुए मुंह एवं गला दबाकर हत्या कारित किया एवं साक्ष्य छिपाने के आशय से लाश को मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। प्रथम सूचना रिपोर्ट पर थाना गाडासरई द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया एवं विवेचना पश्चात धारा 302, 201, भादवि अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, डिण्डौरी द्वारा अभियोजन साक्षीगणों के साक्ष्य के आधार पर अपराध को प्रमाणित पाते हुए आरोपी डमारू लाल भार्वे पिता स्व पतिराम भार्वे उम्र 53 वर्ष निवासी सागरटोला थाना गाडासरई जिला डिण्डौरी को धारा 302 भादंवि के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 2000- रू. के अर्थदण्ड एवं धारा 201 भादवि के अपराध के लिए 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किए जाने पर क्रमशरू 06-03 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने के आदेश पारित किये गये ।

### 30 जनवरी को मनाया जायेगा मद्य निषेध संकल्प दिवस

**अनूपपुर।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान एवं मादक पदार्थ/द्रव्यों के सेवन प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए, इनसे होने वाले दुष्परिणामों से समाज को अवगत कराया जाकर, उन्हें नशा छोडने के लिए प्रेरित किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में इस दिवस पर स्वेच्छा से मादक पदार्थ/द्रव्यों तथा मदिरापान त्यागने हेतु संकल्प दिलाया जाएगा एवं संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य भी किया जाएगा। इस अवसर पर सेमीनार, वर्कशाप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम व सभाएं आयोजित किया जाएगा, ताकि लोग नशामुक्ति की ओर प्रेरित हो सके। जिससे जिले में नशामुक्ति का वातावरण निर्मित किया जा सके।

### ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जमुना/बदरा।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन जिला काउंसिल अनूपपुर द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर अध्यनरत छात्र छात्राओं की अलग-अलग समस्याओं निदान के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमे बाहरी छात्रों की आवासीय सुविधा बंद करने, संस्था में स्वच्छ शौचालय और उचित सफाई का बंदोबस्त किये जाने, लंबे समय से बंद पीने के स्वच्छ पानी की सुविधा हेतु लगाए गए फिल्टर मशीन की मरम्मत किये जाने, संस्था के सभी कमरों में उचित रोशनी की व्यवस्था सहित विद्युत उपकरणों के खुले विद्युत पॉइंट्स की मरम्मत कराये जाने, संस्था की लाइब्रेरी में कोर्स की पुस्तक के अलावा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य पुस्तक उपलब्ध कराये जाने, वर्कशॉप प्रयोग स्थल पर पर्याप्त उपकरणों की व्यवस्था किये जाने, संस्था में खेलकूद सामग्री सहित खेल शिक्षक उपलब्ध कराये जाने, छात्रों को संस्था का परिचय पत्र उपलब्ध कराये जाने, छात्रों को बस ट्रेन मे रियायती यात्रा हेतु आवश्यक पत्र उपलब्ध कराये जाने आदि समस्याओं पर जिला कलेक्टर अनूपपुर को जनक राठौर डॉक्टर राहुल, समर शाह सिंह सहित पॉलिटेक्निक कॉलेज के अन्य छात्रों के साथ ज्ञापन देने में शामिल हुए।

# डॉ. अंबेडकर का दृष्टिकोण न्याय, समानता और समावेशी समाज के प्रति प्रतिबद्ध हैं- चमरू सिंह नेताम

## संविधान गौरव अभियान की संगोष्ठी सम्पन्न





**डिंडौरी ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला कार्यालय मे संविधान गौरव अभियान के अन्तर्गत वृहद जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे हर वर्ग वरिष्ठजन, प्रबुद्धजन, शिक्षाविद्, वकील एवं समाजसेवी मौजूद रहे। संगोष्ठी के पूर्व सभी मंचासीन अतिथियों के द्वारा भारत माता, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन कर संगोष्ठी की शुंभारभ किया गया। सर्वप्रथम जिला महामंत्री जयसिंह मरावी ने संबोधित करते हुए बताया कि हमारी केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा लगातार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का मेमोरियल एवं मूर्ति स्थापित कराकर उनको सम्मान दी है पिछले 10 साल देश की जनता ने जो भारतीय जनता पार्टी सरकार को सेवा करने का मौका दिया है। उस हमारे निर्णयों की प्रक्रिया को देखेंगे, तो भारत की एकता को मजबूती देने का निरंतर हम प्रयास करते रहे हैं। आर्टिकल 370 देश की एकता में रुकावट बन पड़ा था, दीवार बन पड़ा था। देश की एकता हमारी प्राथमिकता थी जो कि हमारे संविधान के भावना थी और इसलिए धारा 370 को हमने जमीन में गाड़ दिया। क्योंकि देश एकता हमारी प्राथमिकता है। वरिष्ठ नेता राजेन्द्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के आव्हान एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर संविधान गौरव अभियान का कार्यक्रम हम सभी को व्यापक रूप से करना है। विश्व के सबसे महान और विशाल लोकतंत्र की यात्रा, इसके मूल में हमारे संविधान निर्माताओं की दिव्य दृष्टि हमारे संविधान निर्माताओं का योगदान और जिसको लेकर के आज हम आगे बढ़ रहे हैं,आजादी के बाद एक तरफ संविधान निर्माता के दिल दिमाग में एकता थी। लेकिन आजादी के बाद विकृत मानसिकता के कारण या स्वार्थवश अगर सबसे बड़ा प्रहार हुआ तो देश की एकता के मूल भाव पर प्रहार हुआ। विविधता में एकता यह भारत की विशेषता रही है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि गुलामी की मानसिकता में पले बढ़े कांग्रेस के लोगों ने, भारत का भला न देख पाने वाले लोगों ने और जिनके लिए हिंदुस्तान 1947 में ही पैदा हुआ, जो धारणा बनी थी, उनके लिए वो विविधता में विरोधाभास ढूंढते रहे। इतना ही नहीं विविधता के इस अमूल्य खजाना है हमारा उसको सेलिब्रेट करने के बजाय उस विविधता में ऐसे जहरीले बीज बोने के प्रयास करते रहे ताकि देश की एकता को चोट पहुंचे। वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया ने कहा कि भाजपा ने डॉ. अंबेडकर की विरासत को सम्मानित करने के लिए हर संभव प्रयास किया। 1990 में, भाजपा - समर्थित सरकार ने भारत के कानूनी और सामाजिक ढांचे को आकार देने में उनकी अद्वितीय भूमिका को मान्यता देते हुए डॉ. अंबेडकर को प्रतिष्ठित भारत रत्न से सम्मानित किया। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में 24वें संविधान संशोधन के जरिए संसद को मौलिक अधिकारों में संशोधन करने की शक्ति क्ति दी गई, जो सर्वोच्च न्यायालय के गोलकनाथ मामले के फैसले के खिलाफ था। 25वें संशोधन ने संपत्ति के अधिकारों को सीमित कर दिया और न्यायिक समीक्षा के अधिकार को कम कर दिया, जिससे नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन हुआ। कार्यक्रम के अंत मे भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 12 अप्रैल 1990 को संसद के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर लगाई गई, जो भारतीय लोकतंत्र में उनके महत्व को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार डॉ. अंबेडकर के योगदान का सम्मान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि उनकी विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जाए। डॉ. अंबेडकर के जीवन से जुडे पांच प्रमुख स्थलों की पहचान की गई है और उन्हें पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया है, इनमें शामिल हैं जन्मभूमि (महू, मध्य प्रदेश) उनकी जन्मस्थली, से एक प्रमुख स्मारक में परिवर्तित किया गया। शिक्षा भूमि (लंदन) जहाँ उन्होंने उच्च शक्षा प्राप्त की। दीक्षा भूमि (नागपुर) जहाँ उन्होंने बौद्धधर्म अपनाया। महापरिर्वाण भूमि (दिल्ली) जहाँ बाबा साहेब ने अंतिम साँसें ली। चैत्य भूमि (मुंबई) जहाँ उनकी समाधि बनाई गई। उक्त कार्यक्रम का संचालन अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती व आभार अजा परसराम नागेश ने व्यक्त किया।

# झारिया समाज के वार्षिक पत्रिका मार्गदर्शिका के नवम संस्करण का किया गया विमोचन



## प्रांत के सभी जिलों के झारिया युवा संघ के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठजनो की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ संपन्न

**शहपुरा ।** झारिया युवा संघ मध्यप्रदेश के द्वारा दिन रविवार को गुप्तेश्वर मां रेवा रेस्टोरेंट में सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज का वार्षिक कैलेंडर एवं वार्षिक पत्रिका मार्गदर्शिका के नवम संस्करण का विमोचन किया गया इस अवसर पर झारिया मेहरा युवा संघ के तत्वाधान में वार्षिक पत्रिका का आयोजन का कार्यक्रम रखा गया इसमें झारिया युवा संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिक, महिला शक्ति उपस्थित हुए कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी एवं मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम का शुभारंभ झारिया मेहरा युवा संघ के संरक्षक संतोष झारिया जी मार्गदर्शक गणेश चंदेल के पत्रिका संपादक एस के मेहरा जी झारिया मेहरा युवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष लाला प्रसाद झारिया जी के उपस्थिति में संपन्न हुई अध्यक्ष भाषण में समाज को एकजुट होकर एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए कहा तभी हम मजबूत होंगे। प्रांतीय सचिव सौरभ झारिया ने पत्रिका मार्गदर्शिका की बारे में विस्तृत जानकारी बताई कि लगातार नौ वर्षों से प्रकाशित की जाने वाली यह पत्रिका समाज की एक मात्र पत्रिका है जिसमें प्रत्येक वर्ष सामाजिक लेख,सामाजिक जानकारी, युवक युवतियों की वैवाहिक जानकारी का संकलन किया जाता हैं इस अवसर पर संगठन एवं समाज से मार्गदर्शक विशेष सलाहकार इंजी विनय झारिया, प्रांतीय सचिव सौरभ झारिया,प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्यम मेहरा,नेतराम झारिया, संगठन सचिव अंकित झारिया,कोषाध्यक्ष दिनेश झारिया, पत्रकार प्रांतीय मीडिया प्रभारी संदीप गौलिया,कानूनी सलाहकार एड अरविंद गवले,राजनीतिक सलाहकार महेंद्र झारिया, सोशल मीडिया प्रभारी गोपाल झारिया, मातृ शक्ति से डॉ राधा झारिया,सविता झारिया,अंजली झारिया,दीपशिखा झारिया प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अंकित झारिया, हरगोविंद झारिया, दीपक गोहिया,हर्ष झारिया,आनंद झारिया एवं झारिया कल्याण संघ जबलपुर से वरिष्ठ समाजसेवी सोमराज झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, देवदत झारिया, सोकचैन झारिया, जगमोहन झारिया, भागवत झारिया,सी के मेहरा,मीडिया प्रभारी हरि मेहरा,युवा समाज सेवी देवांश देवा झारिया की उपस्थिति रही।

**विधायक अमरपुर क्लस्टर में आयोजित हुए जनकल्याण शिविर में हुए शामिल**

# जन जन को मिल रहा जनकल्याण शिविर से लाभ, अब तक आये 50 हजार से अधिक आवेदन




**डिंडौरी ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनशिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को शहपुरा जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत कारीगडहरी, बिजौरी, टिकरासरई, बांसा, गुतलवाह, दल्कासरई में शिविरों का आयोजन किया गया। शहपुरा क्लस्टर में आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायत कारीगडहरी में 15वें वित्त के तहत एक सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन और एक सीसी रोड का लोकार्पण किया, ग्राम पंचायत टिकरासरई में सीसी रोड एवं सिंचाई निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही अन्य लोकार्पण कार्य और भूमिपूजन का हितलाभ ग्रामीणों को प्रदान किया। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर के तहत 20 जनवरी तक कुल 50721 आवेदन प्राप्त

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने है, जोकि प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारीगणों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज आयोजित शिविरों में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो, भजन दास चक्रवर्ती, नितिन गुप्ता, टेकेश्वर साहु, राजेश साहू, अरुण अग्रवाल, पवन झरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जनवरी तक जिले के सभी सात विकासखंडों और दो नगर परिषद से कुल 50721 आवेदन शिविरों के माध्यम से प्राप्त किये जा चुके है। जिनमें से 47803 आवेदन स्वीकार किये गए है। डिंडोरी शहरी क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल 1068 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1038 आवेदन स्वीकृत किये गए। इसी प्रकार डिंडोरी ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 8543 आवेदन में से 8259, शहपुरा ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 8653 आवेदन में से 8416, समनापुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 8168 आवेदन में से 7788, बजाग में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 6490 आवेदन में से 6215, मेहंदवानी में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 6389 आवेदन में से 5789, अमरपुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 7797 आवेदन में से 7726, करंजिया में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 3263 आवेदन में से 2313 आवेदनों को स्वीकार किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर आवश्यक निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक**

**डिंडौरी । कलेक्टर हर्ष सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम सुश्री भारती मरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शासकीय कार्यालयों में प्रकाश व्यवस्था, ध्वजारोहण, समारोह स्थल की तैयारी, बैठक व्यवस्था, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय झांकियां, पेयजल एवं स्वच्छता, पुरूस्कार वितरण, कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक उपचार व्यवस्था, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम के तहत ग्राम हिनौता में मध्यान्ह भोजन सहित आदि आयोजन संबंधी तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।**

कलेक्टर हर्ष सिंह ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने 100 दिवस निक्षय अभियान की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि क्षय रोग उन्मूलन के लिए जिले में लगातार निक्षय अभियान के तहत स्क्रीनिंग की जा रही है। प्राप्त लक्ष्य का 47 प्रतिशत प्राप्त कर 97845 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिनमें 238 रोगी चिन्हांकित किये गए हैं। कलेक्टर ने निक्षय अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



### राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा

कलेक्टर हर्ष सिंह ने राजस्व महाअभियान 3.0 के संबंध में राजस्व मामलों की समीक्षा कर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नक्शा तरमीम, पीएम किसान, आधार लिंकिंग, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन का कार्य की समीक्षा की।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की समीक्षा

कलेक्टर हर्ष सिंह ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे जन शिविर के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जन शिविर के तहत आए आवेदनों की स्थिति का आकलन सीएम हेल्पलाइन पोर्टल से किया। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के लक्ष्य पूरे नहीं हुए हैं, उन्हें चिन्हित कर पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जन कल्याण शिविर में आ रहे आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

### धान उपार्जन की समीक्षा

कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिले में हो रहे धान उपार्जन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सर्वेयर, बारदाना, पेयजल, मापतौल कांटा सहित अन्य अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि खरीदी, भण्डारण और परिवहन का कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि सभी 33 केन्द्रों में उपार्जन कार्य किया जा रहा है। 20904 किसानों से 73116.26 मीट्रिक टन धान उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जन का भुगतान लगातार किया जा रहा है। उपार्जित धान का 87.54 प्रतिशत परिवहन किया जा चुका है।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने वेयर हाउस में भण्डारित किए जा रहे अनाज के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वेयर हाउस में भण्डारित धान की सफाई करने के संबंध में विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि अपग्रेडेशन की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने 70 वर्ष से अधिक आयु एवं जनमन के आयुष्मान कार्ड के संबंध में प्रगति लाने के लिए सीएमएचओ को प्रतिदिन प्रत्येक ब्लॉक में निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनमन आयुष्मान कार्ड के संबंध में जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने बैठक में पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत गत सप्ताह की प्रगति व द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि व नवीन स्वीकृतियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर लक्ष्य पूरा करें। कलेक्टर हर्ष सिंह ने स्व-रोजगार एवं रोजगार के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उर्वरक की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर हर्ष सिंह ने पशुपालन और मत्स्य विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने सीएम हेल्पलाईन और समय-सीमा प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

**1200 से अधिक पदों के लिए 11 कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी । जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 21 जनवरी दिन मंगलवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिंडौरी में किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई डिंडौरी के संयुक्त तत्वाधान में यह मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें 11 कंपनियां लगभग 1200 से अधिक पदों के लिए युवाओं का चयन करेंगी। उक्त मेले में सुपरवाईजर, सोलर पैनल एसेम्बलर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, एलईडी टीव्ही एसेम्बलर, ऑपरेटर जैसे अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। 18 वर्ष से 40 वर्ष के सभी युवा रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। जिसके तहत 8वीं पास, आटीआई डिप्लोमा, स्नातक, बी-टेक एवं अन्य उपाधि प्राप्त शिक्षित युवा अपनी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। जिसमें योग्यता अनुसार आकर्षक वेतन के लिए युवा पात्र होंगे। मेले में भाग लेने के लिए युवक-युवती अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र, बॉयोडेटा, पहचान पत्र, एवं 2 पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ शामिल हो सकते हैं। रोजगार मेले में अडानी ग्रुप, मां रेवा ट्रेक्टर्स, स्मार्ट सेक्योरिटी सर्विस, शिवशक्ति एग्रीटेक, एसआईएस, अबसार ग्रुप, ट्रेंड इलेक्टॉनिक्स सहित कुल 11 कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी जिला रोजगार कार्यालय डिंडौरी एवं रोहित कुमार पाण्डेय 7987965116 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ग्राम पंचायत बरगांव में आनंद उत्सव मनाया गया




**गाड़ासरई**

बजाग़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगांव में सोमवार को आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शासन के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतों में आनंद उत्सव मनाया जाना था , इसी क्रम में एक दिन में तीन ग्राम पंचायत द्वारा एक साथ कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसे ग्राम पंचायत में एक त्योहार के रूप मे मनाया जा रहा है , आनंद उत्सव कार्यक्रम के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत बरगांव में आंनद उत्सव का आयोजन किया गया ,कार्यक्रम में बरगांव पंचायत के साथ गाड़ासरई और बरसोद के लोग शामिल हुए, कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों और ग्राम की महिलाओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे खो खो, कुर्सी दौड़ ,जलेबी दौड़ क्रिकेट मैच के साथ साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी ग्राम पंचायत के लोगो के द्वारा कार्यक्रम की काफी सराहना की गई, तथा पंचायत के साथ उपस्थित लोगों ने बच्चों को इनाम वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ही शुरू हो गया और देर शाम तक चलता रहा, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया ।

**खबर संक्षेप**

## मुनिश्री का तेंदूखेड़ा नगरागमन



**तेंदूखेड़ा।** संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य 108 मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री संयम सागर जी महाराज का तेंदूखेडा नगरागमन हुआ जैन समाज के द्वारा मुनि संघ की भव्य आगवानी की गई । इस अवसर पर आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज की भक्ति भाव के साथ उपस्थित भक्तजनो द्वारा पूजन की गई तदुपरांत मुनि श्री की मंगल देशना का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने कहा कि इस संसार में देव शास्त्र गुरु एवं अहिंसामयी धर्म ही सच्चे साथी एवं शरण है अतः हमें इनकी शरण में रहकर अपने मानव जीवन को सफल बनाना चाहिए।मुनि श्री का विहार गुरु समिति स्थल चंद्रगिरि डोंगरगढ की ओर चल रहा है।

## शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले में सोमवार की सुबह स्टेशन गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरधा से रानी पिपरिया मार्ग पर एक व्यक्ति का गला हुआ शव मिला। शव की स्थिति इतनी खराब है कि पहचान करना मुश्किल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में शव पूरी तरह से गला हुआ मिला है, जिससे मृतक की पहचान करने में पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में भेज दिया है। वहां पुलिस की मौजूदगी में शव का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण से मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा और यह भी स्पष्ट होगा कि यह हत्या का मामला है या कोई अन्य कारण है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की जानकारी भी जुटा रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके।

## मुख्यमंत्री का आगमन 23 को

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 23 जनवरी को गोटेगांव आगमन प्रस्तावित है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और एसपी श्रीमती मृगाखी डेका ने गोटेगांव हेलीपैड और सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम का निरीक्षण कर अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में आमजनों के प्रवेश सहित पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्थायें कराने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर एवं एसपी ने बैरिकेडिंग, एम्बुलेंस मय चिकित्सक एवं स्टाफ, पार्किंग स्थल, पुलिस बल तैनाती की व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम श्रीमती देवंती परते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलचुरी समाज की बैठक 26 को

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** कल्चुरी कलार समाज की आवश्यक बैठक 26 जनवरी को बरिया वाले हनुमान जी पी.डब्लू.डी प्रांगण एम. एल. बी स्कूल के पास दोपहर 2 बजे नरसिंहपुर में होगी। नगर कलार समाज नरसिंहपुर के अध्यक्ष सुरेश राय ने बताया कि बैठक में समाज के नवनियुक्त जिले के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही नगर में युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। श्री राय ने बताया कि समाज के सभी परिवारों की पारिवारिक जानकारी एकत्रित करने हेतु परिचय पत्रक आप तक पहुंचाया जा रहा है जिससे प्रत्येक सामाजिक परिवार की जानकारी एकत्रित की जा सके। बैठक में समस्त महिला मंडल एवं युवा मंडल भी सादर आमंत्रित है।



# सहयोग की यह परम्परा और कहीं नहीं दिखाई देतीः मंत्री पटेल

### राष्ट्रीय प्रो कबड्डी महाकुंभ का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन और सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगाँव के द्वारा ऑल इंडिया प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगाँव में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जाना है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज एवं खेल ध्वज फहरा कर इस आयोजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सहयोग क्रीड़ा मण्डल के गठन से लेकर अब तक सहयोगी के रूप में शामिल 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन मुलाम सिंह पटेल, वीरसेन सिंह सोनी, प्रकाश चंद्र जैन- बब्बा, शीलचंद्र जैन व हाजी कमरूद्दीन को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा सहयोग क्रीड़ा मंडल की प्रथम कबड्डी टीम में शामिल चै. राजेश जैन, बद्री प्रसाद चौक से, अनिल केसरवानी, अमरीश पटेल, वृंदावन पटेल, गिरवर सिंह पटेल, अकबर खघन, नब्बू सिंह पटेल, अन्नीलाल पटेल व दौलत सिंह पटेल को भी शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वर्ष 1982 में सहयोग क्रीडा मंडल का गठन हुआ था। इसके बाद से यह क्रीडा मंडल लगातार प्रतियोगिताओं का आयोजन बखूबी करता आ रहा है। इस आयोजन में प्रारंभ से लेकर अब तक जिन सहयोगियों ने योगदान किया वह अविस्मरणीय है। लोगों ने तन- मन- धन से इस आयोजन को अपना समझकर समर्पित भाव से कार्य किये। युवा पीढी को सहयोग की इस परम्परा एवं सहयोगियों के योगदान को जानना होगा। मंत्री श्री पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में सुबह मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौड़ में इटारसी, मैहर, नरसिंहपुर, जबलपुर, छिन्दवाड़ा व भोपाल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुरूष वर्ग की 5 हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आमगांव के साउद हसन ने प्रथम, गोटेगांव के पुष्पेन्द्र परसवार ने द्वितीय व नरसिंहपुर के शेख शाहरूख खान ने तृतीय और महिला वर्ग में नरसिंहपुर की प्रीति यादव ने प्रथम, गाडरवारा की भूमिका ने द्वितीय व गाडरवारा की कौसर शेख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 14 वर्षीय बालक वर्ग में आमगांव के अंशुल प्रजापति ने प्रथम, गोटेगांव के दुर्गाप्रसाद ने द्वितीय व गोटेगांव के रूद्र दीक्षित ने तृतीय स्थान और बालिका वर्ग में गोटेगांव की आरती ने प्रथम, गोटेगांव की आराध्या राठौर ने द्वितीय व गोटेगांव की श्रेया ठाकुर को तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड व नकद पुरस्कार भी वितरित किए गए। मंत्री श्री पटेल सहित समिति सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने स्टेडियम ग्राउंड में चल रहे गोला फेंक और डिस्कस थ्रो में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान उन्होंने परंपरागत खेल चैपड़ भी खेला। स्टेडियम में विभागीय प्रदर्शनी का फीता भी अतिथियों द्वारा काटा गया।



मंत्री श्री पटेल ने सहयोग क्रीड़ा मण्डल के सदस्य रहे मदन गोपाल नेमा, राजनाथ विश्वकर्मा, विमलेश राजपूत व प्यारेलाल बिलवार को श्रद्धांजलि देते हुए मौन धारण किया गया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय पुरुष कबड्डी लीग मैच, महिला वर्ग में जिला कबड्डी लीग मैच, 14 वर्ष से कम बालक वर्ग कबड्डी लीग मैच, चैपड़ लीग मैच, तवा, गोला व भाला फेंक, पुरुष एवं महिला वर्ग में ऊंची व लंबी कूंद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के उद्घाटन के पहले मंत्री श्री पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज एवं खेल ध्वज फहराया। इसके पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन में विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, पंकज चैकसे, मनिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल, सहयोग क्रीड़ा मंडल स्थाई समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद जैन, आयोजन समिति के अध्यक्ष दादूराम पटेल, आयोजन समिति व्यवस्थापक प्रबल सिंह पटेल, युवा आयोजन समिति के अध्यक्ष अनीश खरया, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी, आयोजन समिति के सदस्यगण, खिलाड़ी और नागरिक मौजूद थे।

# पुलिस ने काटे 691 चालान, वसूला शुल्क

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा जिले मे यातायात व्यवस्था में सुधार के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा परवाह थीम पर आयोजित सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं एवं जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु दिलाई गई शपथ, हेलमेट जागरूकता हेतु लगाए गए सैल्फी प्वाइंट, नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले 691 चालकों का चालान काटकर वसूली की गई। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में दिनांक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक तक सम्पूर्ण प्रदेश में परवाह थीम पर सड़क सुरक्षा जागरूकता माह चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के तहत जिलेवासियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के संबंध जागरूक किया गया साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होने वाली परेशानियों तथा दंडात्मक कार्यवाही की भी जानकारी दी जा रही है एवं नियम विरूद्ध वाहन चालन करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की गयी है।



अभियान के तहत नरसिंहपुर पुलिस टीमों द्वारा स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं शहर के प्रबुद्धजनों तथा बस चाल, यात्री बस चालक, ऑटो चालक, ट्रक चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ दिलाई गयी। जिला अंतर्गत दो पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट कों धारण करने हेतु जागरूक किया गया साथ ही जागरूकता हेतु विभिन्न स्थानों में सेल्फी प्वाइंट लगाए गए है। पुलिस द्वारा कान फाडु तेज आवाज वाले साइलेंसर (दो पहिया वाहन) के खिलाफ कार्यवाही करते हुये अभियान के तहत 10 बाइक्स (बुलेट) चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 10 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया एवं वाहनों से साइलेंसर निकाले गये है। कार्यवाही निरंतर जारी है। सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में अभियान के तहत दो पहिया चलाते समय हेलमेट धारण न करने, सीट बेल्ट धारण न करने, शराब पीकर एवं तेज गति से वाहन चलाने वाले 691 चालकों के चालान काटे गए जिनसे 221100- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है।



## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में चल रहे नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी द्वारा विकासखंड सह समन्वयक की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिला शिक्षा केंद्र में आयोजित की गई जिसमें जिला सह समन्वयक अखिलेश राजोरिया एवं विकासखंड सह समन्वयक उपस्थित रहे। माह वार किये गये सामाजिक चेतना केन्द्रों के भ्रमण प्रतिवेदन के साथ जिला शिक्षा केंद्र में जमा करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

## नियंत्रण कक्ष स्थापित

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन मौसम 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी किये जाने के लिए किसान पंजीयन का कार्य ई- उपार्जन पोर्टल पर 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पंजीयन अवधि के दौरान पंजीयन प्रक्रिया में कृषकों से संबंधित आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

## जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन उपार्जन कार्य पर नियंत्रण निगरानी एवं पंजीयन उपार्जन कार्य में उत्पन्न समस्याओं तथा विवादों का अंतिम निराकरण, पंजीयन केंद्रों के पर्यवेक्षण एवं अन्य विषयों पर निर्णय लेने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय उपार्जन समिति में कलेक्टर अध्यक्ष, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला लीड बैंक अधिकारी, उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण, उपायुक्त सहकारी संस्थायें, जिला सूचना अधिकारी- एनआईसी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी- मार्कफेड, जिला प्रबंधक मप्र वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन, जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, अधीक्षक भू- अभिलेख और सचिव कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर को सदस्य बनाया गया है।

## गेहूं खरीदी पंजीयन हेतु तकनीकी सेल गठित

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले में रबी विपणन मौसम में समर्थन मूल्य पर गेहूं पंजीयन उपार्जन केंद्र में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने तकनीकी अधिकारी-कर्मचारियों का दल- तकनीकी सेल का गठन किया है।

## विधायक ने 68 विद्यार्थियों को वितरित की साईकिलें


**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश ने शासकीय हाई स्कूल ग्राम डुडवारा में साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां 68 छात्र- छात्राओं को निशुल्क साईकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी और अन्य नागरिक मौजूद थे।



## जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा 22 एवं 23 को

**तेंदूखेड़ा।** उत्कृष्ट विद्यालय चाँवरपाठा में 22 जनवरी को कक्षा 02 एवं 03 के तीनों विषयों में चयनित हिन्दी अंग्रेजी गणित तथा कक्षा 06 से 08 के हिन्दी अंग्रेजी तथा संस्कृत विषय में चयनित बच्चों की परीक्षा होगी । 23 जनवरी को कक्षा 04 से 05 के चारों विषयों में चयनित हिन्दी अंग्रेजी गणित पर्यावरण तथा कक्षा 06 से 08 के विज्ञान गणित तथा सामाजिक विज्ञान में चयनित बच्चों की परीक्षा होगी । चाँवरपाठा के सभी 9 जनशिक्षा केंद्र के 902 छात्रों के लिए उत्कृष्ट विद्यालय चाँवरपाठा मे परीक्षा केंद्र बनाया गया है 22 जनवरी को 433 छात्र सबसे पहले सुबह 10 बजे से वहीं 23 जनवरी को 469 छात्र परीक्षा मे शामिल होगे । प्रत्येक विषय का पेपर 1.30 घंटे का होगा । परीक्षार्थियों को आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना जरूरी होगा । बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था परीक्षा केंद्र पर ही की जावेगी । समस्त विद्यालय सूची अनुसार बच्चों तथा पालकों को सूचित करें चयनित समस्त बच्चों को परीक्षा में शामिल कराने का दायित्व संबंधित शालाओं के शिक्षकों एवं प्रधानपाठक का होगा यदि कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो संबंधित शाला के प्रधानपाठक को इसका जबाब देना होगा ।

## शिवम मिश्रा आज आकाशवाणी पर



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत चावरपाठा के लिपिक कृष्ण कुमार मिश्रा के सुपुत्र नेशनल यूथ अवार्डी शिवम मिश्रा का जैव विविधता का महत्व एवं इसमें युवाओं की भूमिका विषय पर विशेष साक्षात्कार का प्रसारण आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम युगवाणी मे आज 21 जनवरी शाम 05 :05 से किया जायेगा। शिवम को विगत वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उनके द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता अभियान वित्तीय साक्षरता जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष कार्य हेतु युवाओं को प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## वैश्य महासम्मेलन का परिवार मिलन समारोह सम्पन्न

**गोटेगांव-** वैश्य महासम्मेलन का परिवार मिलन समारोह पर्यटक स्थल टोन घाट पर सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।आयोजन का शुभारंभ भगवती राजराजेश्वरी जी, भगवान राधा-कृष्ण एवं राम दरबार और ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की पादुका पूजन से हुआ, जिसे ब्रह्मचारी सोमेश्वरानंद जी ने संपन्न कराया। जिला प्रभारी बी.डी सोनी ने बताया कि शंकराचार्य जी के आशीर्वाद से यहां भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, जो इस स्थल के महत्व को और बढ़ाता है।आयोजन को अद्वितीय बताते हुए संगठन के प्रदेश महामंत्री सुनील संध्या कोठारी ने कहा कि ऐसे आयोजन परिवारों में सामंजस्य और ऊर्जा का संचार करते हैं। महिला अध्यक्ष निशा सोनी, नर.अ. केके सोनी, और नगर के ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. गौतम भद्र व श्रीमती नंदिता भद्र की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया।प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के संदेश को साझा करते हुए अध्यक्ष पंकज जैन ने कहा, व्यापारिक व्यस्तता के बीच ऐसे आयोजनों से पारिवारिक और सामाजिक समरसता बढ़ती है।₹सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनोरंजन की धूम टोन घाट की सुंदर वादियों और झरनों के बीच, परिवारों ने छायाचित्र लेकर प्रकृति का आनंद उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पतंगबाजी, क्रिकेट, और गीत-संगीत प्रतियोगिताओं ने उत्साहवर्धन किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया और नए सदस्यों को संगठन में शामिल करते हुए सम्मान दिया गया। आयोजन में तहसील अध्यक्ष पंकज जैन, प्रभारी अजीत खरया, महामंत्री आनंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मनीष जैन, युवा जिला महामंत्री शिवाजीत ताम्रकार,तहसील प्रभारी शौरभ खरया,अध्यक्ष अमित बालाजी,और जैन महिला परिषद की अध्यक्ष रिचा अनुपम सहित सभी ने अपनी भूमिका निभायी।